कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/माध्य/अ–4/संकाय–विषय/परिवर्तन/2018–19/वो–2 दिनांक : 10/4/2019

जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा
जयपुर/अलवर/करौली/सवाई माधोपुर/
जालौर/चितौड़गढ़/प्रतापगढ़/अजमेर।

विषय– समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संकाय/विषय परिवर्तन हेतु एसडीएमसी के माध्यम से प्रस्ताव भिजवाने के क्रम में।

प्रसंग– राज्य सरकार का पत्रांक प.4(3)शिक्षा–1/2015 जयपुर, दिनांक 12.03.2019 तथा इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 15.03.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के द्वारा राज्य के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संकाय/विषय परिवर्तन हेतु एसडीएमसी के माध्यम से प्रस्ताव चाहे गये थे। जिसके द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि यदि आपके अधीनस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संकाय/विषय परिवर्तन के कोई प्रस्ताव विचाराधीन है तो ऐसे सभी संबंधित विद्यालयों के एसडीएमसी द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के साथ संकाय/विषय परिवर्तन के प्रस्ताव आपके कार्यालय स्तर पर परीक्षण करते हुए समेकित कर अपनी स्पष्ट टिप्पणी/अभिशंषा के साथ संलग्न प्रपत्र–1 व 2 में संकलित कर दिनांक 25.03.2019 तक आवश्यक रूप से इस कार्यालय की ई–मेल आई.ड़ी. secondarydd2@gmail.com पर एक्सल शीट एवं पी.ड़ी.एफ. फाईल में प्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ताकि राज्य सरकार को समेकित प्रस्ताव भिजवाए जा सके। यह खेद का विषय है कि आप द्वारा आज दिनांक तक उक्त संबंधी प्रस्ताव अभी तक नहीं भिजवाये गये है, जबकि राज्य सरकार से इस संबंध में पुनः स्मरण पत्र प्राप्त हो चुका है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि वांछित प्रस्ताव 3 दिवस में इस कार्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करें। निर्धारित तिथि तक प्रस्ताव प्राप्त न होने की स्थिति में आपके जिले के प्रस्ताव शून्य माने जाएंगे एवं आगामी सत्र प्रारम्भ हो जाने के पश्चात् ऐसा कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जावेगा । स्मरण रहे कि अपने जिले की सभी पात्र विद्यालयों की सूचना का संधारण अपने स्वयं के कार्यालय में करते हुए जिले की पूर्ण समेकित सूचना ही इस कार्यालय को प्रेषित करें। इस संबंध में अपूर्ण सूचना अथवा विलम्ब की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व आपका ही होगा।

www.rajteachers.com

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः– शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1)विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर